संख्या–503 / 79–6–2010

प्रेषक,

सी0पी0 सिंह ,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक(बे0)
उ0प्र0, लखनऊ।

शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ: दिनांक: 31–3– 2010

विषय:– कमल दिल्ली पब्लिक स्कूल, बन्थरा, लखनऊ को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांक–शि0नि0(बे0)/अ0मा0/3693/2008–09 दिनांक 22 मई,2008 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रश्नगत विद्यालय को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता दिए जाने की संस्तुति की गयी है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि चूँकि प्रश्नगत विद्यालय में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन उपकरण लगा दिया गया है एवं अग्निशमन अधिकारी से प्रमाणपत्र भी प्राप्त कर लिया गया है तथा विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है। अतः शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कमल दिल्ली पब्लिक स्कूल, बन्थरा, लखनऊ को नर्सरी से कक्षा–8 तक की अंग्रेजी माध्यम से 'ब' श्रेणी की अस्थायी मान्यता शासनादेश संख्या–2926 /15–6–95–18(20)/91 दिनांक 14–12–1995 में निहित मानकों/शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है।

अतः तदनुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(सी0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– जिलाधिकारी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत विद्यालय की अस्थायी मान्यता मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ एवं सहायक अभियंता निर्माण निगम, लखनऊ द्वारा दिए गये प्रमाण पत्र (अग्नि सुरक्षा/नेशनल बिल्डिंग कोड) के आधार पर दी गयी है।
2– सचिव,उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद।
3– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, लखनऊ मण्डल।
4– निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0 58 जगत नारायण रोड, लखनऊ।
5– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ।
6– प्रबन्धक, कमल दिल्ली पब्लिक स्कूल, बन्थरा, लखनऊ ।
7– निजी सचिव, मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री जी ।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(सी0 पी0 सिंह)
अनु सचिव ।

anumati

Principal
KAMAL DELHI PUBLIC SCHOOL
Banthara Lucknow

Manager
KAMAL DELHI PUBLIC SCHOOL
Banthara Lucknow